हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 4 नवंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

राज्य निर्माण के 25 सालों में छत्तीसगढ़ लगातार तेजी से कर रहा विकास : जांगड़े

4



## खबर संक्षेप

### आज से 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर चलेगा सत्यापन कार्य

**जांजगीर-चांपा।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सुचारू और त्रुटि रहित ढंग से संचालित करने हेतु जिले के सभी तहसीलों में बीएलओ एवं बीएलए का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र बिंदु मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन करने से संबंधित जटिल प्रक्रियाओं को समझाना था। अधिकारियों ने बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं को फॉर्म भरने की सही प्रक्रिया, पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं से संपर्क साधने के तरीके और सूची को अद्यतन करने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कलेक्टर जन्मेजय महोबे पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अकलतरा एवं पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जांजगीर में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण में उन्होंने कहा कि फार्म भरते समय किसी भी तरह की गलती नहीं हो। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को किसी भी तरह की शंका होने पर मास्टर ट्रेनर से जरूर पूछे। उन्होंने एसआईआर से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं से बीएलओ को बारीकी से जानकारी लेने कहा। उन्होंने बीएलओ से उनकी शंकाएं पूछी और सहज व सरल तरीके से जवाब दिया।

### बंसुला में सड़क किनारे भूमि पर कब्जा, कार्रवाई की मांग

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत बंसुला में मुख्य सड़क किनारे स्थित मरघट्टी के पास शासकीय भूमि पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ लोगों ने इस सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर खेत तैयार करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण अब वहां खेती की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग और राजस्व प्रशासन से मांग की है कि तत्काल मौके का निरीक्षण कर अवैध कब्जा हटाया जाए और जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में बंसुला सरपंच का कहना है कि बेजाकब्जा की जानकारी नहीं है, इस बारे में जानकारी लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशनः लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको की सूची जारी

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों की भर्ती हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एंव एमपीडब्ल्यू - पुरुष 15वीं वित्त के संविदा पदो के लिये लिखित परीक्षा का आयोजन शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय जिला चिकित्सालय परिसर जांजगीर जिला जांजगीर चांपा में किया गया था। मुख्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि लिखित परीक्षा उपस्थित अभ्यार्थियो का परीक्षा में प्राप्त अंको की सूची जारी किया गया है। जिसे जिले के वेबसाइट में एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नोटिस बोर्ड में भी चस्पा किया गया है।

### आकस्मिक मृत्यु के 4 प्रकरणों में 16 लाख की मिली सहायता राशि

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आपदा मृत्यु के 4 प्रकरणों में कुल 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। ग्राम भगोडीह निवासी निरधीनारायण की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पत्नी श्रीमती बहरती बाई सूर्यवंशी, ग्राम चोरिया निवासी श्रीमती साधमति की आकाशीय बिजली (गाज) गिरने से मृत्यु होने पर उनके पति खीख राम साहू, तहसील बम्हनी डीह के ग्राम लखुर्री निवासी कुमारी हेमा वैष्णव की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी मां श्रीमती जानकीबाई वैष्णव एवं ग्राम सोंठी निवासी श्रीमती यादबाई पटेल कि आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर उनके पति रथराम पटेल को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# पानी देने के निर्णय में देरी, रबी की आस में उन्हारी से भी वंचित हो रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

## कब होगी जल उपयोगिता समिति की बैठक तय नहीं, विभाग की कार्यशैली पर सवाल

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में किसान हित के चाहे जितने भी दावे किए जाते हो, लेकिन जिम्मेदार जल संसाधन विभाग के साथ प्रशासन की उदासीनता के चलते किसानों को सिवाय नुकसानी और परेशानी के कुछ हासिल नहीं हो रहा है। ताजा मामला अभी जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में हो रही देरी का है। दरअसल 90 फीसदी से अधिक सिंचित जिले में रबी फसल के लिए पानी देने का निर्णय अब तक नहीं हो पाया है। ऐसे में रबी फसल की आस में बैठे किसान तिवरा, सरसों जैसी उतेरा फसलों से भी वंचित हो रहे है।

गौरतलब है कि जिले में पिछले कई सालों से रबी फसल के लिए लगातार पानी मिलते आ रहा है। पिछले साल हसदेव बांगो नहर के दोनों केनाल में पानी दिया गया था। जिसके कारण कुछ जगहों पर टेल एरिया में सिंचाई की समस्या उत्पन्न हुई और पानी के अभाव में किसानों की फसलें चौपट हो गई। इसके साथ ही नहरों की मरम्मत की बातें होती रही। धरातल पर काम नहीं हुआ। ऐसे में इस साल ग्रीष्मकालीन फसल के लिए सभी एरिया में पानी मिलने को लेकर असमंजस की स्थिति शुरू से बनी हुई है। किसान भी जल संसाधन विभाग और प्रशासन के निर्णय का इंतजार कर रहे है। इधर हसदेव बांगो बांध भी लबालब है। इन सबको देखते हुए रबी फसल के लिए पानी मिलने की पूरी उम्मीद है। बावजूद इसके टेल एरिया में सिंचाई की समस्या और जहां मरम्मत का काम होना है। वहां पानी नहीं मिलेगा, बस इन्हीं सब बातों को लेकर जिले के किसान असमंजस की स्थिति में है। किसानों का कहना है कि वर्तमान में धान की फसलें लगभग तैयार होने को है। स्थिति को देखते हुए नहर से भी पानी देना बंद कर दिया गया है। ऐसे में रबी फसल के लिए पानी की आस लगाए बैठे किसान तिवरा, अलसी, सरसों, मटर जैसी उतेरा की फसलें भी नहीं लगा पा रहे है। किसानों का कहना है कि यदि वे उतेरा की फसल लगा देते है, और कही नहर में पानी आ जाता है, तो उनकी फसलें तैयार होने के पहले ही नष्ट हो जाएगी। इसके अलावा रबी फसल में पानी मिलने की उम्मीद में वे उतेरा नहीं लगाते है और पानी नहीं मिलता है, तब भी उन्हें नुकसान होगा। खास बात यह है कि कृषक चेतना मंच के बैनर तले किसानों की बैठकें हो रही है। किसान लगातार रबी फसल के लिए पानी की मांग कर रहे है और इसको लेकर शीघ्र जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग हो रही है, लेकिन जिम्मेदार जल संसाधन विभाग इन सबको नजरअंदाज करके आंख मूंदे बैठा है। ऐसे में किसान असमंजस की स्थिति में है।



### समझ नहीं आया अपरिहार्य कारण

किसानों का कहना है कि जल संसाधन विभाग द्वारा 31 अक्टूबर को जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आहूत करने की सूचना प्रसारित की गई थी। इसके बाद अचानक अपरिहार्य कारण बताकर बैठक स्थगित कर दी गई। आगामी तिथि का निर्धारण अभी तक नही किया गया है। ऐसे में किसानों की परेशानी बढ़ गई है। पानी की उम्मीद में वे उतेरा की फसलें भी लगा पा रहे है।

### तिथि तय नहीं

बांध में पानी पर्याप्त है, लेकिन नहर मरम्मत का काम भी होना है। किस क्षेत्र में काम होगा और कहा पानी दिया जाएगा। इसकी सूची तैयार कर रहे है। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में इस पर निर्णय होगा। 31 अक्टूबर को बैठक रखे थे। अपरिहार्य कारणों से उसे स्थगित किया गया। संभवत: इस माह के पहले सप्ताह के बाद बैठक होगी।

**- शशांक सिंह**
कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग

---

## संचालक को लगाई कड़ी फटकार, पार्किंग दुरूस्त करने सख्त निर्देश

# रिसॉर्ट के सामने बेतरतीब पार्किंग घंटे भर जाम रहा हाइवे, प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

**खास बातें**

- पार्किंग को लेकर जिले में रिसॉर्ट संचालक के खिलाफ पहली बड़ी कार्रवाई
- जाम के दौरान एम्बुलेंस को भी नहीं मिला रास्ता
- एसपी के निर्देशन में दर्ज हुआ मामला



नेशनल हाइवे पर लगी वाहनों की कतार।

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 पर संचालित आनंदम धाम रिसॉर्ट के सामने बेतरतीब पार्किंग के चलते जाम लग गया। तकरीबन घंटे भर तक लगे जाम में एम्बुलेंस समेत गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। इस तरह की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने ना केवल संचालक और वहां मौजूद स्टाफ को फटकार लगाते हुए आवागमन सुचारू कराया बल्कि मुख्य मार्ग को बाधित करने का मामला भी आनंदम धाम प्रबंधन और संबंधितों के खिलाफ दर्ज किया गया। खास बात यह है कि जिले में इस तरह की पहली बड़ी कार्रवाई हुई है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2 नवंबर की रात्रि में आनंदमधाम रिसॉर्ट अमरताल अकलतरा में शादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान आनंदमधाम रिसॉर्ट के मैनेजमेंट के द्वारा आगंतुकों के वाहनों के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था नहीं की गई थी। स्थिति यह बनी कि वाहन चालक अपने गाड़ियों को सड़क किनारे खड़ी करने लगे और लगातार गाड़ियों के पार्किंग करने से वहां जाम की स्थिति निर्मित हो गई। बताया जाता है कि रात्रि 10 बजे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन बढ़ा तो यह मार्ग पूरी तरह से अवरूद्ध हो गया और दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। जाम को खुलवाने यातायात पुलिस का अमला मशक्कत करता रहा। बताया जाता है कि जाम में एम्बुलेंस भी फंसा रहा और घंटे भर तक आवागमन बहाल नहीं हो सका। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने इसे गंभीरता से लिया और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कुछ ही देर में एडीशनल एसपी यातायात उदयन बेहार और उनकी टीम पहुंची। यातायात की टीम को काफी मशक्कत करके जाम खुलवाया। वहीं पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में आनंदम धाम रिसॉर्ट के मैनेजर और संबंधित लोगों के खिलाफ मुख्य मार्ग को बाधित करने के आरोप में बीएनएस की धारा 285 के तहत धारा अकलतरा में अपराध पंजीबद्ध किया गया।





# सेवा सहकारी समिति कर्मचारियों ने ठप किया कामकाज, अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू

## उपार्जन केन्द्रों मे धान खरीदी तैयारियों पर होगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठे सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाले सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक समेत कर्मचारी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए है। जिसके चलते उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी तैयारियों पर इसका असर देखा जा सकता है। इस मामले में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उचित पहल की मांग की है।

सरकार के द्वारा तय किए गए समय सीमा के अंतर्गत 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू की जानी है, ताकि पंजीकृत किसानो का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जा सके। इधर अपने चार सूत्रीय मांगो को लेकर सेवा सहकारी समिति प्रबंधक समेत स्टाफ के लोग सोमवार 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए है। जिसके चलते इसका असर धान खरीदी तैयारियों पर पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारी संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन के तहत बिलासपुर में आंदोलन कर रहे है। वहीं अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया है। उनकी मांगो पर नजर डाली जाए तो मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर छतीसगढ शासन के द्वारा भी प्रदेश के 2 हजार 58 सहकारी समिति कर्मचारियो के वेतनमान व अन्य सुविधाऐ लाभ देने प्रति वर्ष प्रत्येक समितियो को 3 एवं 3 लाख रूपऐ की प्रबंधकीय अनुदान राशि शीघ्र आदेश लागू करने, सेवा अधिनियम 2018 की आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने, समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023 एवं 2024 वही 2024 एवं 2025 में धान खरीदी के बाद सूखत मान्य किया जावे, सुरक्षा ब्यय एवं प्रासंगिक ब्यय तथा कमीशन, खाद, बीज, उपभोक्ता, फसल बीमा में 4 गुणा बढोतरी, राशन वितरण पर प्रति क्विंटल 500 ग्राम क्षति पूर्ति एवं 5 हजार रूपए देने की मांग साथ ही साथ धान खरीदी नीति वर्ष 2024 एवं 25 मे वर्णित कंडिका क्रमांक 113 आउट सोर्सिंग द्वारा कंम्प्यूटर आपरेटर के नियोजन को विलोपित कर विभाग तय करते हुए नियमितीकरण की मांग को लेकर धान खरीदी प्रभारी सहित स्टाफ के लोगों ने मामले के निराकरण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए इस पर कार्रवाई की मांग की है। राज्य शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जानी है। वहीं कर्मचारियों के हड़ताल के चलते जांजगीर जिले के 101 सेवा सहकारी समिति एवं 129 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी तैयारियों पर इसका असर पड़ेगा।

### चल रहा आंदोलन

4 सूत्रीय मांगों को लेकर सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे है। इसका असर धान खरीदी की तैयारियों पर पडेगा। हड़ताल पर जाने की सूचना अधिकारियों को दी गई है।

**-रवि राठौर,**
अध्यक्ष, सहकारी समिति कर्मचारी संघ

---

## लंबे समय से फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



धोखाधड़ी के मामले में लंबे समय से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सक्ती थाना का है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के ग्राम नुनेरा निवासी सुरेश कुमार दुबे धोखाधड़ी के मामलों पर लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसे पुलिस द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल सिंह ठाकुर द्वारा न्यायालय से जारी समंस व वारंटों को शत-प्रतिशत तामील किये जाने हेतु दिये गये दिशा निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिश यादव के मार्गदर्शन में लम्बे से समय से पेशी में न्यायालय उपस्थित न होकर फरार चल रहे वारंटियों की पता तलाश की जा रही है। इसी दौरान 3 नवंबर को वारंटी सुरेश कुमार दुबे पिता दुर्गा प्रसाद दुबे उम्र 53 वर्ष थाना सक्ती के बुधवारी बाजार के पास रूका हुआ है। सूचना पर तत्काल टीम रवाना कर आरोपी सुरेश कुमार दुबे को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसे न्यायलय पेश किया जा रहा है। जिस पर अग्रिम कारवाही की जा रही है।

### आठ लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** आठ लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना का है। ग्राम रसौटा निवासी गेंद राम धीवर के घर पर दबिश दी गई। इस दौरान आरोपी के कब्जे से 8 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया। उक्त शराब की कीमत 16 सौ रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

## खबर प्रकाशन के बाद एसडीएम व तहसील कार्यालय को किया रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



झालर से जगमगाया एसडीएम कार्यालय

राज्योत्सव के दौरान सभी संस्थानों को रोशन किए जाने का आदेश राज्य शासन द्वारा जारी किया गया था। इसके बाद भी मालखरौदा के एसडीएम व तहसील कार्यालय अंधेरे में डूबा हुआ था। हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद अधिकारियों ने इसकी सुध ली और 2 नवंबर की रात से एसडीएम व तहसील कार्यालय को झालरों से सजाया गया गया।

ज्ञात होकि 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस के 25 साल पूरा होने पर पूरे छत्तीसगढ़ में रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है, जहां इसके लिए सभी शासकीय कार्यालय को झालर से रोशन किया जाना था ब्लॉक मुख्यालय के जनपद पंचायत तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को रोशन करने के लिए झालर लगाया गया था। तत्पश्चात खबर प्रकाशन के बाद शासन हरकत में आया और एसडीएम एवं तहसील कार्यालय को झालर से सजाया गया।

---

## जल्द मरम्मत कार्य नहीं करने पर चक्काजाम की दी चेतावनी

# डोंगाकोहरौद-बलौदा बाजार मुख्य सड़क की हालत जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद





डोंगाकोहरौद-बलौदा बाजार मुख्य मार्ग की जर्जर सड़क।

डोंगाकोहरौद बलौदा बाजार मुख्य मार्ग की हालत बद से बदतर हो चली है। बताया जाता है कि तकरीबन 5 किमी की सड़क की हालत अत्यंत ही खराब है। जिसको लेकर जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से जल्द मरम्मत नहीं होने पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि पामगढ़ व्हाया डोंगाकोहरौद बलौदा बाजार मुख्य सड़क मार्ग पर पामगढ़ से डोंगाकोहरौद लगभग 5 किलोमीटर की जर्जर स्थिति को लेकर क्षेत्र सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सोमवार 3 नवम्बर को ज्ञापन सौंपकर सड़क की जर्जर स्थिति को सुधारने की मांग की है। कार्यवाही नहीं किए जाने की स्थिति में शुक्रवार 7 नवंबर सुबह 10 बजे से अम्बेडकर चौक पामगढ़ में चक्का जाम की लिखित सूचना दी गई है। मुख्य सड़क मार्ग जांजगीर चांपा, बिलासपुर, बलौदा बाजार होकर राजधानी रायपुर का पहुंच मार्ग है। ग्राम पंचायत केसला, कोसीर, ससहा, सिर्री, हिर्री, धनगांव, भिलौनी एवं डोंगाकोहरौद के रहवासी शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासनिक कार्य एवं न्यायालीन कार्य के लिए पामगढ़ उक्त जर्जर सड़क मार्ग से जान जोखिम में डालकर सफर करने पर मजबूर हैं। उक्त पंचायतों के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पामगढ़ को ज्ञापन सौंपा है।

## बंधवा तालाब के पास जुआ खेल रहे 5 जुआरियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव



ग्राम चोरिया बंधवा तालाब के पास जुआ खेल रहे 5 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में जुआ सट्टा पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना मुलमुला पुलिस द्वारा चांपा एसडीओपी यदुमणि सिदार के नेतृत्व में 2 नवंबर को देर शाम रेड कार्यवाही कर जुआ खेल रहे 5 जुआडियानों को पकड़ा है। पकडे गए जुआरियों में चोरिया निवासी अखिल साहू उम्र 40 साल, राजेश कुमार उरांव उम्र 32 वर्ष, रामदयाल साहू उम्र 47 वर्ष, रथलाल उरांव उम्र 34 वर्ष एवं किशुन लाल देवांगन उम्र 43 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक के .के .कोसले, एएसआई राजेश सिंह प्रधान आरक्षक अर्जुन जांगड़े, आरक्षक गोवर्धन टाइगर, शंकर जय किशन, दुर्गेश सूर्यवंशी का योगदान रहा।

खबर संक्षेप

## नगरदा में जोन स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**सक्ती।** सक्ती विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगरदा में जोन स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ पूर्व विधायक खिलावन साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता जनपद सदस्य श्रीमती गुलेश्वरी कंवर, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य ज्ञानिक खांडे, श्रीमती उषा कंवर, सरपंच बॉम्बे लाल यादव, श्रीमती अमरीका सोम प्रकाश कंवर, धनेश्वर कंवर, दिन दयाल कोसले, श्रीमती शिव कुमारी यादव, श्रीमती रामायण बाई यादव एवं उप सरपंच लता कंवर, राम कुमार कंवर, ऋषी श्रीवास प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर तुलसी पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नवागढ़।** राधा कृष्ण शिक्षा समिति महाविद्यालय एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर तुलसी पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं, प्रकृति और लोकजीवन से जुड़ी आस्था का सम्मान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत राधा कृष्ण शिक्षा समिति महाविद्यालय के संचालक डॉ. अन्नपूर्णा अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ ऋत्विज तिवारी एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के संचालक डॉ . विनोद कुमार बंसल एवं प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा के द्वारा तुलसी माता में दीप प्रज्वलन एवं पूजा से हुआ। साथ ही तुलसी विवाह को पारंपरिक विधि-विधान से किया, जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्रध्यापकगणों एवं छात्र-छात्राओं ने मंगल गीत गाए और तुलसी मां को लाल साड़ी, बिंदी, कंगन और सिंदूर से सुशोभित किया। इसके बाद तुलसी-विष्णु विवाह की रस्म निभाई गई, जिसमें शालिग्राम और तुलसी माता को फूल, मिठाई और वस्त्र अर्पित किए तथा तुलसी माता के चारों ओर परिक्रमा लगाई उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के पश्चात छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यगीत "अरपा पैरी के धार" के सामूहिक गायन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के संचालक डॉ . विनोद कुमार बंसल उपस्थित रहे। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति, लोककला, सादगी और स्वाभिमान में निहित है। अतः हमें अपने राज्य के विकास में हमेशा अपना योगदान देना चाहिए।

## रंगोली प्रतियोगिता में अवंतिका प्रथम प्राची ने प्राप्त किया दूसरा स्थान

**राहौद।** देव उठनी एकादशी तुलसी विवाह के पावन पर्व पर कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र आईसेक्ट कंप्यूटर



एजुकेशन राहौद में युवक युवतियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नगर के लगभग 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आईसेक्ट कंप्यूटर एजुकेशन राहौद प्रत्येक वर्ष प्रतियोगिता परीक्षा, रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता एवं अन्य प्रकार के स्पॉट टू स्पॉट प्रतियोगिता का आयोजन करती है। प्रत्येक रविवार को अध्ययनरत छात्रों का कैरियर काउंसलिंग करने के साथ छात्रों को आने वाले भविष्य के चुनौतियों के लिए तैयार कर भविष्य में ऐसी शिक्षा की ओर जाने के लिए प्रोत्साहित करती हो जो छात्र छात्राओं को स्वरोजगार प्रदान कर सके साथ ही उन्हें फैक्ट्री, फर्टिलाइजेशन, और कंपनियों के स्थापना के लिए प्रेरित करने का काम भी करती है। अपने केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों को प्राइवेट कंपनियों में नौकरी अथवा प्लेसमेंट देने का भी काम करती है। देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अवंतिका यादव, द्वितीय स्थान प्राची चंद्राकर एवं तृतीय स्थान युक्ति कश्यप ने प्राप्त किया।

### कलेक्टर ने ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने पेंशनरों को प्रेरित करने दिए निर्देश

# पेंशनरों के लिए बड़ी सौगात, अब घर बैठे बना सकेंगे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 के कियान्वयन हेतु कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में विभिन्न पेंशनर संघ, बैंक शाखा प्रबंधक की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 के कियान्वयन हेतु जारी दिशा निर्देश की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि पेंशनरो के जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल पारदर्शी तथा डिजिटल बनाने के उद्देश्य से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र 4.0 संस्करण जारी किया गया है। यह संस्करण फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर आधारित है। जिसके माध्यम से पेंशनर बिना किसी कठिनाई के अपने मोबाइल फोन अथवा कम्प्यूटर के माध्यम से घर बैठे ही जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होने जिले के सभी पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र 4.0 की सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए है। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र पेंशनरों के लिये बड़ी सौगात है, जिससे अब पेंशनर घर बैठे अपना जीवन प्रमाण पत्र बना सकते है। जारी गाइडलाईन्स के अनुसार पेंशनरों को राहत और सुविधा की बड़ी सौगात मिली है। अब उन्हें जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिये बैंकों, कार्यालयों या सीएससी सेंटर जाने की जरूरत नहीं होगी। माननीय मुख्य मंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं माननीय वित्तमंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के प्रयासों से पेंशनरों के लिये यह डिजिटल सुविधा प्रारंभ की गई है। केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त सहयोग से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 की शुरुआत हो गई है। इस अभियान के तहत पेंशनर घर बैठे ही मोबाईल एप के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र बना सकेंगे। पेंशन एवं भविष्य निधि संचालनालय रायपुर द्वारा प्रारंभ इस सुविधा के अंतर्गत पेंशनर अपने एड्रॉइड मोबाईल फोन में आधार फेस आईडी और जीवन प्रमाण पत्र फेस एप डाउनलोड कर चेहरे की पहचान की माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बना सकेंगे। यह तकनीक पूरी तरह सुरक्षित, सरल और पारदर्शी है, जिससे पेंशनरों को घर से ही प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा मिलेगी। इस संबंध में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में कोषालय अधिकारी उपेन्द्र कुमार पटेल द्वारा जिले के पेंशनर संघ एवं बैंक अधिकारियों की बैठक सह कार्यशाला आयोजित किया गया। कलेक्टर ने बताया कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 पूरे देश में 1 नवम्बर से 30 नवम्बर तक संचालित होगा। इस अवधि में सक्ती जिला मुख्यालय के सियान सदन में 6 नवम्बर से विशेष शिविर लगाया जायेगा। शिविर में स्टेट बैंक आफ इंडिया, इंडिया पोस्ट पेमेंटबैंक और कोषालय की टीम पेंशनरों को प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करेंगे। बैठक के दौरान जिला कोषालय कार्यालय एवं स्टेट बैंक आफ इंडिया की टीम द्वारा प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एस.बी.आई सक्ती के शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि डिजिटल प्रक्रिया से जीवन प्रमाण पत्र बनाने में पेंशनरों को आवश्यक सभी सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने शिविर में उपस्थित होकर जीवन प्रमाण पत्र बनवाने हेतु सभी पेंशनरों से अनुरोध किया। कोषालय अधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकार की यह पहल पेंशनरों के जीवन में बड़ा परिवर्तन लायेगी। यह अभियान मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के जीवन प्रमाण पत्र के सरलीकरण और सुविधा के विजन को साकार करते हुए जिले को डिजिटल सेवा और उपलब्धता के क्षेत्र में अग्रणी बनायेगा। अंत में निर्वाचन पर्यवेक्षक राधेश्याम साहू द्वारा उपस्थित सभी पेंशनरों, अधिकारियों, कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में जिला कोषालय अधिकारी उपेंद्र पटेल, निर्वाचन पर्यवेक्षक राधेश्याम साहू सहित पेंशनर संघ के प्रतिनिधि और बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण के लिए अनुमति प्रदान करते सीएमओ।

## मुक्ति धाम के रखरखाव में नगर पालिका बरत रहा उदासीनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- चेम्बर्स ऑफ कामर्स इकाई की मांग पर सीएमओ ने दिया उन्नयन एवं रखरखाव की अनुमति

अकलतरा नगर के कॉलेज रोड स्थित मुक्ती धाम के उन्नयन एवं रखरखाव के लिए सोमवार को नगर पालिका परिषद के द्वारा छत्तीसगढ़ चेंबर्स आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अकलतरा इकाई को उत्तरदायित्व प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि कॉलेज रोड स्थित मुक्तिधाम में व्यवस्थाओं एवं रखरखाव की कमी के चलते यहां पर अंत्येष्टि के लिए आए परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीते दिनों नगर के व्यवसाय सुशील जैन की धर्मपत्नी के निधन के बाद शाम को अंत्येष्टि के दौरान मुक्तिधाम में पूर्ण रूप से अंधेरा छाया रहा जिसके चलते अंत्येष्टि में आए लोगों के मोबाइल की रोशनी में अंतिम संस्कार पूर्ण कराया गया जिससे नगर पालिका परिषद अकलतरा का मुक्ति धाम के रखरखाव की उदासीनता सामने आई एवं व्यवस्था की लापरवाही उजागर हुई। मुक्तिधाम में रखरखाव की कमी एवं अव्यवस्थाओं से क्षुब्द छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री अकलतरा इकाई के अध्यक्ष विजय केडिया एवं सदस्यों के द्वारा कलेक्टर के संज्ञान में यह बात लाकर नगर के कॉलेज रोड स्थित मुक्तिधाम के रखरखाव एवं उन्नयन के उत्तरदायित्व के लिए अनुमति की मांग की गई थी। आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह के द्वारा चैंबर्स के सदस्यों को मुक्तिधाम के संधारण ,रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण के लिए अनुमति प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सारथी ,पार्षद मुरलीधर मिश्रा, राजकुमार सिंह एवं चैंबर्स के सदस्य दीनदयाल अग्रवाल, लखन गुप्ता ,पंकज दोशी उपस्थित थे।

## सर्व सतनामी समाज की बैठक 9 को

**जांजगीर।** सर्व सतनामी समाज जांजगीर की बैठक रविवार 9 नवम्बर को दोपहर 2:30 बजे गुरू घासीदास प्रांगण केरा रोड जांजगीर में आयोजित की जाएगी। बैठक का उद्देश्य समाज की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की समीक्षा करना, वर्ष 2025 में बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती समारोह की तैयारी करना तथा समाज के उत्थान हेतु भविष्य की रूपरेखा तय करना है।




## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोड़सरा में 50 छात्राओं को साइकिल वितरित

**जांजगीर।** शासन की सरस्वती सायकल योजना 2025 के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोड़सरा में अध्ययनरत कक्षा नवमी की 50 छात्राओं को 3 नवंबर को साइकिल वितरित की गई। यह वितरण कार्यक्रम शाला विकास समिति, शाला प्रबंधन समिति एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में शाला विकास सेवा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण साहू, सरपंच अनिता सीताराम यादव, राजू यादव, प्राचार्य परेश कुमार सिंह, दयानंद गोपाल सहित समस्त शिक्षकगण एवं ग्रामवासी भूषण यादव, नरेंद्र साहू, त्रिभुवन साहू आदि उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि इससे छात्राओं में शिक्षा के प्रति रुचि, नियमितता एवं आत्मनिर्भरता की भावना बढ़ेगी। कार्यक्रम का संचालन शाला परिवार द्वारा किया गया।




## भजन-कीर्तन, दीपदान और स्वच्छता अभियान से दिया सामाजिक एकता और संस्कृति संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- केशरवानी महिला सभा ने आंवला नवमी एवं वनभोज का किया आयोजन

आस्था और परंपरा के संगम का पर्व आंवला नवमी इस वर्ष केशरवानी महिला सभा चांपा के तत्वावधान में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोत्राचार्य महर्षि कश्यप के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती सम्पन्न की गई।


महिला सभा की सदस्यों ने भक्ति रस से ओतप्रोत भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। आंवला नवमी के पारंपरिक अनुष्ठानों के अंतर्गत आंवला वृक्ष की पूजा एवं परिक्रमा की गई। तत्पश्चात भोग-प्रसाद लगाकर सभी ने स्वादिष्ट वनभोज का आनंद लिया। इसके उपरांत उपस्थितजनों ने हसदेव नदी में दीपदान कर सुख-समृद्धि और समाज की प्रगति की कामना की। आयोजन के दौरान बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। समापन अवसर पर महिला सभा की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया और केराझरिया क्षेत्र की साफ-सफाई कर "स्वच्छता ही सेवा" का संदेश दिया गया। महिला सभा की अध्यक्ष अल्का गुप्ता ने कहा कि "आंवला नवमी केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और संस्कारों को सशक्त करने का अवसर है। केशरवानी महिला सभा ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मकता और संस्कृति के प्रति गर्व की भावना जगाने का कार्य कर रही है। केशरवानी वैश्य कल्याण समिति चांपा के अध्यक्ष मूलचन्द गुप्ता ने कहा कि समाज को संगठित करने के लिए इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजनों होते रहना चाहिए, बस कोशिश यही हो कि समाज का कोई भी परिवार न छुटे और समाज के बीच में कभी भी गरीब, अमीर और छोटा बड़ा का भाव न हो।

## सेवानिवृत्त होने पर स्थल सहायक को दी गई विदाई

**अकलतरा।** कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी हसदेव बायीं तट नहर जल प्रबंध उप सभाग क्रमांक 7 नरियरा में कार्यरत स्थल सहायक रामकुमार नामदेव को सेवा निवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन नरियरा कार्यालय में सुश्री सोमेश्वरी ध्रुव अनुविभागीय अधिकारी ,सहायक अभियंता निखिल प्रभाकर स्वर्णकार ,भूपेंद्र साहू एवं सरस्वती नामदेव की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोमेश्वरी ध्रुव ने कहा कि श्री नामदेव हमारे विभाग के अत्यंत जिम्मेदार एवं अनुभवी कर्मचारी थे। उन्होंने अपने हर एक कार्य को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूरा किया है,उनका सेवानिवृत्त होना हमारे विभाग के लिए बड़ी क्षति है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे दिनेश कुमार यादव ने कहा कि मुझे रामकुमार नामदेव के साथ लंबे समय कार्य करने का अवसर मिला है ये बड़ी से बड़ी समस्याओं को अपने धैर्य व व्यवहारिकता से सुलझाने का प्रयास करते थे। कार्यक्रम को निखिल प्रभाकर स्वर्णकार ,भूपेन्द्र साहू सतीश नामदेव ,जीवेश नामदेव,श्रीकांत नामदेव,बिंदु नामदेव व पुरुषोत्तम नामदेव,ने भी सम्बोधित किया। रामकुमार नामदेव ने अपने कार्यकाल के सम्बंध में बताते हुए कहा कि सन 1983 से सिचाई विभाग में कार्य प्रारंभ कर 42 वर्ष के कार्यकाल में हजारों खट्टे मीठे अनुभव मिले। कार्यक्रम में राजीव रंजन शर्मा, राजेश कुमार सोनी,पी एस राज, लक्ष्मण साहू,रामजी कैवर्त, पुनीराम रात्रे ,राकेश नामदेव ,पुरुषोत्तम नामदेव, जशवंत नामदेव,मनीष नामदेव,बसन्ती नामदेव, संतोषी नामदेव, अंजू नामदेव,प्रिया नामदेव, दुर्गा नामदेव, डॉ मानसी नामदेव उपस्थित थे।



## छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में महानदी शिवरीनारायण में आकर्षक लेजर सो



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में महानदी शिवरीनारायण में आकर्षक लेजर शो का आयोजन 1 नवंबर से 5 नवंबर तक नवा रायपुर में होने वाले एयरोबेटिक शो की तरह छत्तीसगढ़ की रजत जयंती को मनाया जा रहा है। इस दौरान रोज छत्तीसगढ़ का राज गीत अरपा पैरी के धार जो कि छत्तीसगढ़ की प्रगति और संस्कृति का प्रतीक है के साथ आकर्षक लेजर सो किया जा रहा है ।



**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र.07 /ब-121/2025-2026
ग्राम- चांपा तहसील-चांपा

आवेदक श्री डॉ. मारकुस जौसेफ नंद उम्र 35 वर्ष पिता स्व. श्री विजय जोसफ नंद जाति ईसाई निवासी पी.आई.एल.मिशन स्कूल रोड चांपा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका रोजमेरीपुनो इनिसिया उम्र 28 वर्ष पिता श्री राउल क्वारेन्ट इनिसिया जाति ईसाई निवासी पुर्रक-4 वानगन कैलिनन, तहसील व थाना वानगन दवाओडेलसुर शहर दवाओ फिलिपिनस जिला दवाओ डेलसौर

**बनाम छत्तीसगढ़ शासन**
**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री डॉ. मारकुस जौसेफ नंद उम्र 35 वर्ष पिता स्व. श्री विजय जोसफ नंद जाति ईसाई निवासी पी.आई.एल. मिशन स्कूल रोड चांपा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका रोजमेरीपुनो इनिसिया उम्र 28 वर्ष पिता श्री राउल क्वारेन्ट इनिसिया जाति ईसाई निवासी पुर्रक-4 वानगन कैलिनन, तहसील व थाना वानगन दवाओडेलसुर शहर दवाओ फिलिपिनस जिला दवाओ डेलसौर फिलिपिनस द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 19.11.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.10.2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर के जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क........../............../2025-26
ग्राम-चांपा

आवेदक तिरीथ राम कंवर पिता स्व. भुरवा राम कंवर जाति कंवर निवासी हाईस्कूल के पास सोहागपुर, तहसील करतला, जिला-कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम चांपा, तहसील चांपा, स्थित भूमि ख.नं. 1680/16 रकबा 0.05 ए. भूमि एवं पक्का मकान को गैर आदिवासी व्यक्ति फटकन देवी देवांगन पति दिलचंद देवांगन निवासी ठाकुरदिया पारा भोजपुर चांपा के पास विक्रय करने की अनुमति हेतु छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत कलेक्टर महोदय जांजगीर चांपा को प्रस्तुत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चांपा के माध्यम से मूल प्रकरण प्राप्त हुआ है जिसमें इस न्यायालय से छ.ग. भू.रा.सं. 1959 की धारा 165 (6) के अंतर्गत बिंदुओं पर प्रतिवेदन / दस्तावेज चाही गई है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 24.11.2025 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 24.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया। जारी दिनांक 24.10.2025
पेशी दिनांक 24.11.2025

**तहसीलदार**
**चांपा**

TOP IN JANJGIR

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जिले में 55 बिस्तरों का
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

## लाइफ Style



# कियारा


## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

किआरा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में कियारा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और कियारा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कियारा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी कियारा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि कियारा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्स: एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यून: पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी' का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।



# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर



को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।

# किंग का टाइटल रिवील

## शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग' का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज़ होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए




लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज़ में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



### पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन' इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ' में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ' बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैम्ब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

## खबर संक्षेप

### सेमरिया स्कूल में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती



**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर छात्रों को एकता अखंडता की शपथ दिलाई गई तथा कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षक पीतांबर कश्यप,कौशल यादव ने बच्चों को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन परिचय के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें एकता समरसता और अटल राष्ट्रभक्ति का वह अमूल्य संदेश देता है जो आज भी प्रत्येक भारती के हृदय में प्रेरणा बनकर गूंजता है। राष्ट्रीय एकता दिवस सद्भाव का संदेश और राष्ट्र गौरव का जीवन उत्सव है जो सरदार पटेल के एक भारत श्रेष्ठ भारत के स्वप्न को सरकार करने का सामूहिक संकल्प है। अनुपमा जांगड़े व कैलाश खूंटे ने कहा कि हम सब मिलकर एक भारत श्रेष्ठ भारत के मंत्र को अपने कर्म और संकल्प से साकार करें। राष्ट्रीय एकता दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि देश के प्रत्येक नागरिक का उद्देश्य एक हो तो कोई भी चुनौती हमें विभाजित नहीं कर सकती। हम सभी सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरित होकर सशक्त भारत और विकसित भारत का निर्माण का संकल्प लें। टीकाराम गोपाल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा देश के लिए दिए गए योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सबको भी उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक छात्र-छात्राएं व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त होने पर वरिष्ठ शिक्षक को दी गई विदाई



**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा के वरिष्ठ शिक्षक अशोक जलतारे के सेवा सेवानिवृत्त होने पर बिदाई कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष शाला संचालन समिति बिहारी लाल ताम्रकार ,सचिव लव सिंह चंदेल ,कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू , सह सचिव गोपेश तुलस्यान की उपस्थिति में किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति एवं आचार्य कर्मचारी परिवार द्वारा अशोक जलतारे को स्मृति चिन्ह,शाल, श्रीफल एवं उपहार प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहारीलाल ताम्रकार ने कहा कि अशोक जलतारे 13 जुलाई 1993 को सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा में आचार्य नियुक्त होकर 16 अक्टूबर 2025 को सेवा निवृत हुए। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा सौंपे गए कार्यों को पूरी क्षमता से करने का प्रयास किए। कार्यक्रम में उपस्थित शाला संचालन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए सेवानिवृत्ति पश्चात स्वस्थ एवं आनंदमय जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई । इस अवसर पर शाला के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### निधन

#### नंदकिशोर तिवारी

**अड़भार।** नगर पंचायत अड़भार के प्रतिष्ठित नागरिक नंदकिशोर तिवारी का 93 वर्ष की आयु में रविवार 2 नवंबर को दोपहर 1 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में सोमवार 3 नवंबर को हुआ। उनके अंतिम यात्रा में परिजन व नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे अरुण, अजय, अरविंद के पिता एवं अर्जुन, मयंक, अंशुल, प्रणत के दादा थे।

सांसद ने किया जिला स्तरीय राज्य स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ

# राज्य निर्माण के 25 सालों में छत्तीसगढ़ लगातार तेजी से कर रहा विकास : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिला स्तरीय राज्य स्थापना दिवस समारोह का भव्य शुभारंभ सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में रविवार 2 नवंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर के समीप स्थित मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती जांगड़े ने द्वीप प्राज्वल्लित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में 2 से 4 नवम्बर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य सहित विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियों ने शमा बांध दिया, जिसने आए सभी दर्शकों का मन मोह लिया। तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कहा की आज छत्तीसगढ़ को बने 25 साल हो गए है। राज्य निर्माण के बाद से हमारा छत्तीसगढ़ विकास की दिशा मे लगातार और तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया की 1 नवबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थित मे राजधानी रायपुर में राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।



दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करती सांसद कमलेश जांगड़े एवं अन्य अतिथि।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश लगातार विकास कर रहा है। उन्होंने कहा की हमारा प्रदेश तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में जन-जन के कल्याण के लिए किसानों, युवाओं, महिलाओं, ग्रामीणों सहित सभी वर्ग के विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा ने कहा कि आज जिले में हर्षोल्लास के साथ राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने बहुत ही संघर्षों के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश का निर्माण कराया है। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ हमारे लिए केवल एक राज्य नहीं बल्कि हमारी पहचान है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने बताया कि 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था। राज्य गठन के 25 सालों में छत्तीसगढ़ में बहुत विकास कार्य हुवे है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जो विकसित भारत की संकल्पना है उस दिशा में हमारा प्रदेश तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश की तरह नवीन जिला सक्ती भी तेजी से विकास करे इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना है और नवगठित सक्ती जिले का प्रदेश में एक अलग पहचान बनाना है। इस अवसर और सांसद श्रीमती जांगड़े सहित सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया गया। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप मे अध्यक्ष जिला पंचायत सक्ती श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चन्द्रा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, अध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ती श्रीमती नीतू राय, अध्यक्ष जनपद पंचायत जैजैपुर श्रीमती पुष्पा परदेशी खूंटे, अध्यक्ष जनपद पंचायत मालखरौदा कवि वर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत डभरा श्रीमती अरूणा महेंद्र सिंह सिदार, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद सक्ती श्याम सुंदर अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत डभरा दीपक साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत बाराद्वार नारायण कुर्रे, अध्यक्ष नगर पंचायत जैजैपुर बलराम चन्द्रा, अध्यक्ष नगर पंचायत अड़भार कृष्णा रात्रे, अध्यक्ष नगर पंचायत चन्द्रपुर ओम प्रकाश देवांगन शामिल हुवे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मेघाराम साहू, टिकेश्वर गबेल, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अपर कलेक्टर बालेश्वर राम, एसडीएम सक्ती अरूण सोम सहित युवा, बच्चे, महिला, पुरुष, बुजुर्ग, सभी वर्गों के नागरिक सहित बड़ी संख्या में जिलेवासी शामिल हुए।



## गणित विषय को रोचक एवं सरल बनाने शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक ,माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी शालाओं में गणित विषय के प्रति रुचि लाने एवं सरल व नए तकनीकी प्रयोग से संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक प्रशिक्षण क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल एन सी ई आर टी द्वारा छत्तीसगढ़, गोवा एवं गुजरात के शिक्षकों को प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिल्ली के मास्टर ट्रेनर एवं गणित विषय पर आधारित विभिन्न कंटेंट के शोधकर्ता प्रोफेसर राजेश कुमार ठाकुर ने आधुनिक गणित से संबंधित और भारतीय संस्कृति एवं प्राचीन परंपरा से जुड़े विभिन्न गणित विषय से संबंधित गणितज्ञों के बारे में बताया, जिन्होंने हमारी संस्कृति को गणित की परंपरा से पूर्व में ही जोड़ दिया था। उन्होंने विभिन्न तकनीकी ज्ञान की मदद से आज गणित विषय का अध्यापन कैसे हो इसका बेहतर एवं प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल एन सी ई आर टी के प्राचार्य एस के गुप्ता सहित प्रशिक्षण के समन्वयक अधिकारी प्रोफेसर अश्विनी कुमार गर्ग ने पूरे प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों को गणित के विभिन्न प्रकार से बने टीचिंग लर्निंग मैटेरियल को प्रदर्शित कर बताया एवं मनोवैज्ञानिक ढंग से कैसे कक्षा में छात्र छात्राओं गणित के प्रति रुचि और जिज्ञासा उत्पन्न किया जाए इनको प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जांजगीर जिले से शामिल श्रोत पुरुष एवं प्रधान पाठक जयंत सिंह क्षत्रिय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आयाम से निश्चित ही हमने जो वास्तविकता को खो दिया है उसको प्राप्त कर सकते है। आज के नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित राष्ट्रीय करिकुलम फ्रेमवर्क से और साथ ही अपनी प्राचीन संस्कृति एवं सभ्यता से सम्बन्धित आर्यभट्ट, वराहमिहिर रामानुजन इत्यादि माहान गणितज्ञ के खोज एवं आविष्कार को भी समझेंगे जिन्होंने कई वर्ष पूर्व बहुत सारे ऐसे गणित के ब्योरम तथा नियमों से संबंधित कार्य किया था। छग राज्य के लगभग 25 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण का लाभ लिया जिसको राज्य के विभिन्न जिलों के विद्यालय के छात्र छात्राओं को अवश्य लाभ मिलेगा।

## कबड्डी प्रतियोगिता में बड़े सीपत को हराकर नगझर बना विजेता



**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय के खेल मैदान में तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव 3 नवंबर से 5 नवंबर तक आयोजन किया गया है। शुभारंभ 3 नवंबर का दोपहर 2 बजे मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कश्यप तथा सरपंच मालखरौदा सावित्री अजगलले, जनपद पंचायत के सभापति मनोज सक्सेना, जनपद सदस्य कुमार जितेंद्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ किया गया। इससे पहले सभी अतिथियो को सचिवों द्वारा गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद सर्वप्रथम कबड्डी प्रतियोगिता 15 से 21 वर्ष का शुरुआत किया गया, जहां सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों से जनप्रतिनिधियों को परिचय कराया गया। इसके बाद ग्राम नगझर तथा बड़े सीपत के बीच कबड्डी प्रतियोगिता शुरू हुआ। दोनों ही टीम के बीच मुकाबला कशमकश चला रहा। अंतिम समय में बड़े सीपत को एक अंक से हराकर विजयी हुआ। इस प्रतियोगिता में नगझर को 25 अंक हासिल हुआ तो बड़े सीपत को 24 अंक हासिल हुआ पहले मैच में विजई हुए। नगझर को सभापति मनोज सक्सेना द्वारा 1000 देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में 20 गांव के सरपंच सचिव के अलावा खिलाड़ी एवं ग्रामीण भी खेल देखने पहुंचे थे। हालांकि उद्घाटन समारोह में सांसद के नहीं पहुंचने पर ग्रामीण एवं खिलाड़ी निराश थे।

## यातायात नियमों का पालन करने विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल में राष्ट्रीय एकता दिवस और यातायात सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के के संचालक डॉ. जे. के. जैन ने विद्यार्थियों के साथ यातायात संबंधी

- राष्ट्रीय एकता दिवस एवं यातायात सुरक्षा सप्ताह का किया गया आयोजन

महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कुमार मिरी ने राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने 562 रियासतों का भारत संघ में विलय कराया, जिससे देश की एकता और अखंडता को मजबूती मिली। सरदार पटेल का देश के लिए योगदान अविस्मरणीय है, और उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर छात्रों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और यातायात सुरक्षा के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय एकता और यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम में क्रम में कु. आयुषी साहू और कु. सुमन नवरत्न ने यातायात सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राहुल राठौर ने किया एवं आभार प्रदर्शन एलपी मिरी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा रानी द्विवेदी, ओमप्रकाश सोनी, संजीव चौहान, दुर्गा टण्डन,श्वेता सिंह चंदेल, संध्या सिंह, कमलकांत साहू, नवीन आदित्य, प्रभात कश्यप, नागेंद्र कुमार जांगड़े,अर्जुन दास मोहले, संजना भास्कर,सोनम साहू,सरिता पटेल, प्रिया खरे, श्रद्धा राठौर एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




विद्यार्थियों को शपथ दिलाते अतिथि।

### खोरसी में पांच लाख रुपए की लागत से बनेगा सीसी रोड

**तनौद।** ग्राम पंचायत खोरसी के चौबाइन तालाब से मुक्ति धाम की ओर पांच लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन भाजपा मंडल अध्यक्ष कोड़ाभाट खरौद शिवेन्द्र प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि विष्णु देव साय के सरकार में गांव गांव में विकास कार्य हो रहे है। इस मार्ग में सीसी रोड बन जाने से ग्रामीणों को कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। भाजपा की सरकार में सीसी रोड की सौगात दी है। इस अवसर पर प्रशांत कुमार दुबे, सुखंदन देवांगन, राजकुमार साहू , खेदनाथ साहू, पुरूषोतम साह, सरपंच श्रीमती आरती गौड़, सचिव मोहन लाल साहू, रोजगार सहायक विवेकानंद यादव, पंचों सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह शिवेंद्र प्रताप सिंह की अनुशंसा में स्वीकृत किया गया है। ग्राम वासियों के द्वारा सीसी रोड निर्माण के लिए प्रति आभार व्यक्त किया गया।



## प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल से जाना हाल-चाल, पूछा और कैसे हो नेताजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

छ.ग. राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती वर्ष पर 1 नवम्बर को आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल को उनका हाथ पकड़कर पूछा और नेताजी कैसे हो, क्या हाल-चाल है।

श्री चंदेल ने दोनों हाथ जोड़कर प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन करते हुये कहा कि सब ठीक है, आपका आशीर्वाद व स्नेह है। राज्योत्सव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी राज्योत्सव के भव्य मंच पर जाने वाले थे वहां प्रमुख भाजपा नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने मंच के नीचे प्रधानमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इसी पंक्ति में पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल भी उपस्थित थे। सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुये जब मोदी पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल के पास पहुंचे तो वहां पर रूके। उन्होंने चंदेल का हाथ पकड़कर हाल-चाल पुछते हुये चर्चा की और कहा कि कैसे हो नेताजी, सब ठीक है तो उन्होंने भी मुस्कुराकर जवाब देते हुये कहा कि आपका आशीर्वाद व स्नेह है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल।

## राज्य स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय स्वआंकलन परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरारी

राज्य स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय स्वआंकलन परीक्षा 2025- 26 बिर्रा द्वारा रविवार 2 नवंबर को आयोजित किया गया। इसके 3 परीक्षा केंद्र बनाया गया। सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा, देव पब्लिक स्कूल बसंतपुर , आत्मानंद स्कूल भटगांव, अमृतलाल कश्यप बाल संस्कार चोरभट्‌टी वि. ख. पामगढ़ आयोजित हुआ, जिसमे सभी परीक्षा केन्द्रो में लगभग 1500 बच्चे शामिल हुए।

स्वआंकलन समिति बिर्रा द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों में विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त कर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराया गया। स्वामी आत्मानंद स्कूल भटगांव में विकासखंड शिक्षा अधिकारी भी सम्मिलित हुए एवं उनका विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। अमृतलाल कश्यप



बाल संस्कार विद्यालय चोर भट्टी में 250 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। बच्चों की नाश्ता की व्यवस्था चोरभट्टी सरपंच नेतराम कश्यप एवं राजकुमार श्याम तथा विद्यालय संचालक विश्वनाथ कश्यप के द्वारा किया गया। विशेष सहयोग के लिए शासकीय महाविद्यालय महंत के प्राचार्य संतोष कश्यप एवं ईश्वर कश्यप व ज्योति कश्यप समस्त विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग रहा।

## खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं जीवन का एक अनुशासित अभ्यासः देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

दिल्ली पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में वार्षिक खेल महोत्सव 2025 का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन

- दिल्ली पब्लिक में हुआ वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

समिति के अध्यक्ष राजकिशोर देवांगन थे।

विशिष्ट अतिथि विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह एवं प्रधान शिक्षक लोकेश गाबा का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण विद्यालय के शिक्षक एल. एन. मिश्रा ने दिया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के चारों हाउसेस- पृथ्वी, अग्नि, वायु एवं आकाश की सलामी लेते हुए निरीक्षण किया तथा मशाल प्रज्ज्वलित कर खेल ध्वज फहराया। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों को निष्पक्षता, सहयोग और खेल की मर्यादा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि राजकिशोर देवांगन ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन का एक अनुशासित अभ्यास है। यह आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना का स्रोत भी है, और यही डी.पी.एस. की पहचान है। स्कूल प्रांगण में पिछले कई दिनों से विभिन्न आयु वर्गों में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें सीनियर, मिडिल, जूनियर, सब-जूनियर, कक्षा केजी 1 एवं केजी 2, नर्सरी से प्री-नर्सरी एवं कक्षा- पहली तक के बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद परिणामों की घोषणा की गई, जिसमें प्रथम स्थान- आकाश हाउस, मुख्य निरीक्षक शनि गुप्ता, द्वितीय स्थान- अग्नि हाउस, हेमंत जेना, तृतीय स्थान- पृथ्वी हाउस अनंत चैहान ने प्राप्त किया। इसके साथ ही विभिन्न वर्गों में सर्वश्रेष्ठ एथलीट के रूप में- सब-जूनियर बालक- ओम मिश्रा (अग्नि) , बालिका- नव्या पटेल (पृथ्वी), गीतिका राठौर (अग्नि) जूनियर बालक - तन्मय कक्कड़ (वायु) , बालिका - वेदिका चंद्रा (आकाश) मिडिल बालक - देवप्रकाश (पृथ्वी), बालिका - भूमिका कँवर (आकाश), तथा सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग में गर्वित शर्मा (अग्नि) एवं अनुष्का शुक्ला (अग्नि) को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शेखर चक्रवर्ती, निशिता जेनेट हिल एवं निशांत कुमार एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक मनोज दास ने किया।



खेल का प्रदर्शन करते खिलाड़ी।

